बारिश में टापू बन गया स्कूल

ग्राम खिरवा नंबर एक के बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित, हादसे की आशंका

कैमोर, देशबन्धु। विजयराघवगढ़ (खिरवा नंबर 1) विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम खिरवा नंबर 1 स्थित शासकीय विद्यालय में बारिश के साथ ही शिक्षा व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई। बीते दिनों हुई तेज बारिश के चलते विद्यालय परिसर में भारी जलभराव हो गया, जिससे ग्राम की नालियों का गंदा पानी विद्यालय परिसर से होते हुए कक्षाओं में घुस गया। नतीजन छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी तरह से बाधित हो गई है। स्कूल किसी टापू की तरह नजर आने लगा है।

विद्यालय भवन के बाहर और भीतर चारों ओर पानी ही पानी है। कई जगह तो गंदे पानी से होकर बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचना पड़ रहा है। वहीं कक्षा के भीतर फर्श तक पानी भर जाने से पढ़ाई का वातावरण पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

स्कूल की परेशानी छात्रों की जुबानी

कुछ छात्राओं ने बताया कि हम लोग पानी में जूते निकालकर स्कूल में आते हैं। क्लास में भी पानी भरा रहता है, बैठने की जगह नहीं मिलती। कभी-कभी डर लगता है कि करंट लग सकता है। बारिश के बाद स्कूल तालाब जैसा बन जाता है। टीचर भी परेशान रहते हैं, पढ़ाई नहीं हो पाती। हमको डर लगता है कि कहीं गिर न जाएं। विद्यालय के शिक्षकगणों और ग्रामीणों ने इस स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, लेकिन संबंधित विभागों की अनदेखी से हालात हर वर्ष और बिगड़ते जा रहे हैं।

स्थानीय पंचायत एवं शिक्षा विभाग को पहले भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यालय में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कराए, ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।

जिले में अब तक 470.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

कटनी, देशबन्धु। जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 11 जुलाई तक कुल 470.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 623.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 133.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 253.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 437.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 557.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 400 मिलीमीटर, बरही तहसील में 362 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 477.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 466.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 623.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 438.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

मिथलेश जैन ने दी मोहल्ले को लेकर नगर निगम पहुंचने की चेतावनी

कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात, घरों में घुसा पानी

कटनी, देशबन्धु। लगातार हो रही बारिश से वंशकार बस्ती कुम्हार मोहल्ला, विश्राम बाबा वार्ड के कई घरों में पानी भर गया है। स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों के अंदर तक पानी घुस गया है, जिसकी वजह से रोजाना का काम प्रभावित हो रहे हैं। नालियों की सफाई न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी जमा हो गया है। क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर निगम से जल निकासी की शीघ्र व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार वंशकार बस्ती कुम्हार मोहल्ला के निवासी राधिका वंशकार, दिनेश वंशकार, साहिल, करौंदा वंशकार, राजू वंशकार, राजू ठाकुर, प्रकाश विश्वकर्मा व अन्य लोगों ने इस संबंध में पार्षद मिथलेश जैन से शिकायत की और समस्या से अवगत कराया। इस पर तत्काल नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर समेत अनुविभागीय अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या का निदान करने का निवेदन किया, कलेक्टर को भी मैसेज के माध्यम से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि अनेकों व्यक्तियों द्वारा दीवार खड़ी कर लिए जाने के कारण प्राकृतिक रूप से बहने वाले वर्षा के पानी का प्रवाह अवरुद्ध हो गया है और वह लोगों के घरों में भरकर जान माल की क्षति पहुंचा रहा है। नगर निगम को निरंतर शिकायतें करने और अवगत कराने के बावजूद नगर निगम द्वारा इस संबंध में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण लोगों को भारी कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। मिथिलेश जैन ने निगम प्रशासन को चेतावनी दी है यदि अतिशीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पूरे मोहल्ले को लेकर वह नगर निगम पर प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

सार-समाचार

डीपीएस में गुरु पूर्णिमा का भावपूर्ण आयोजन

कटनी, देशबन्धु। दिल्ली पब्लिक स्कूल कटनी में गुरूवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण को रंगोली और पुष्पों से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के संगीत शिक्षक और छात्राओं ने मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य महोदया सीमा दुबे ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का स्थान हमारे जीवन में माता-पिता के समान होता है। एक अच्छा गुरु न सिर्फ शिक्षा देता है बल्कि जीवन जीने की दिशा भी दिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे हमेशा अपने शिक्षकों का सम्मान करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने सपनों को साकार करें। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अपने-अपने गुरुओं को पुष्पगुच्छ भेंट किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कई विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ बिताए पलों को साझा करते हुए उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गुरु-शिष्य का रिश्ता विश्वास और श्रद्धा पर टिका होता है, और यही परंपरा भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान है। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने कविताएँ और नृत्य प्रस्तुत कर गुरु के महत्व को सुंदर ढंग से व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा दुबे और उपप्रधानाचार्य शबनम अख्तर ने छात्रों के सहृदय धन्यवाद दिया और विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में सभी ने एक दूसरे को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

श्रीराम चरित मानस समिति सिलौंडी ने मनाई गुरु पूर्णिमा

उमरियापान, देशबन्धु। श्री रामचरित मानस समिति सिलौंड़ी के तत्वाधान में सिलौंडी स्थित श्रीराम बाग मंदिर में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबुद्धजनों ने जीवन में गुरु के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर रामचरित मानस समिति के 73 वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री राम चरित मानस की पंक्तियों को दैनिक जीवन में अनुसरण करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक रजनीकांत राय, रामकिशोर राय, सतीश राय, ज्ञानचंद राय, रामकिशोर राय, डॉ. राहुल राय, रामलाल काछी, आदित्य राय, राजनारायण राय, सतीश हल्दकार, बालमुकुंद चौबे, रमेश राय, कुंवर लाल बर्मन, अनिल विश्वकर्मा, बाबू बर्मन, साश्वत राय आदि उपस्थित रहे।

उफनाती नदी में भैंस के साथ चरवाहा भी बहा अब तक नहीं चला पता

बरही, देशबन्धु। जिले की बरही थाना अंतर्गत ग्राम ताली गांव में भैंस बचाने नदी में उतरा बुजुर्ग तेज बहाव में बहा,स्थानीय प्रशासन के साथ एसडीआरएफ कि टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुठिया मोहगवां के ताली नदी एक दर्दनाक हादसे की गवाह बनी हैं। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण नदी उफान पर थी। इसी दौरान एक 55 से 60 वर्षीय व्यक्ति हल्के प्रजापति पानी के तेज बहाव में बह गया। बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव के अनुसार, हल्के प्रजापति कल शाम बारिश के दौरान अपनी भैंसें चरा रहे थे। तभी एक भैंस बहाव में बहने लगी, जिसे बचाने के प्रयास में वे स्वयं नदी में उतर गए और तेज बहाव की चपेट में आकर गये। वहीं इस घटना की सूचना ग्राम पंचायत सरपंच कन्हैया विश्वकर्मा ने तत्काल बरही पुलिस को दी। पुलिस ने कल देर शाम से ही खोजबीन शुरू कर दी थी, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। कटनी से एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है और ताली नदी से लेकर हलफल नदी व नदावन तक सर्च ऑपरेशन किया जा चुका है इसके अतिरिक्त छिंदहाई, पिपरिया और परसवारा चपना नदी में भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन अब तक लापता व्यक्ति का कोई पता नहीं चला है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव ने बताया कि हल्के प्रजापति ग्राम ताली के निवासी हैं और भैंस बचाते हुए पानी में बह गए। पुलिस, राजस्व अमला और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम लगातार तलाश में जुटी हुई है।

कहीं डूबीं गलियां, कहीं भरा दुकानों में पानी

कटनी, देशबन्धु। शुक्रवार को अचानक निरंतर हो रही तेज बारिश को दृष्टिगत रखते हुए लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित साईं मंदिर के बाजू एवं माधवनगर स्थित समदड़िया कॉलोनी के नालों के अवरोधों के कारण उत्पन्न हुई जलभराव की समस्या का बरसते पानी में जायजा लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सुगम वर्षाजल निकासी की व्यवस्था मुहैया कराई गई। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष सिब्बू साहू, बीना बैनर्जी, सीमा श्रीवास्तव, ईश्वर बहरानी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, कमलेश चौधरी सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

शहर में अनेक स्थानों पर जल प्लावन के हालात, महापौर ने किया दौरा, दिए जल निकासी के निर्देश

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड साईं मंदिर के बाजू स्थित गली नं 7 में अंबे किराना एवं पतंजलि स्टोर तथा साईं राम किराना स्टोर्स के आगे सार्वजनिक मार्ग में जलभराव की प्राप्त शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मौका स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के नाली में उतन्न अवरोधों के कारण जलभराव की स्थित निर्मित होना पाये जाने पर सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती सूरी नें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को त्वरित जल निकासी की व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी के निर्देश के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल जे.सी.बी मशीन के माध्यम से मार्ग के किनारे कच्ची नालियों का गहरीकरण एवं वर्षा जल निकासी के अवरोधों को दूर करते हुए सुगम जल निकासी की सुविधा मुहैया कराई गई।

इसी तरह माधवनगर स्थित समड़िया कॉलोनी में जलभराव की समस्या की जानकारी प्राप्त होते ही महापौर श्रीमती सूरी द्वारा स्थानीय पार्षद ईश्वर बहरानी के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद के दौरान बताया गया कि अतिवर्षा के दौरान कचरा एवं झाडियों के का कचरा नालों मे फंसने से जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। जिस पर महापौर श्रीमती सूरी नें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पुन: नालों के जाम एवं अवरोधों की सफाई कराकर सुगम जल निकासी कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सुलभ अग्रवाल, आर्यन बिचपुरिया, शशांक खरे, विपिन सिंह, जितेन्द्र त्रिपाठी, चन्द्र प्रसाद तिवारी सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भाजपा जिला उपाध्यक्ष शांति यादव ने दी शुभकामनाएं

कैमोर, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संगठन के कुशल रणनीतिकार हेमंत खंडेलवाल को मध्यप्रदेश भाजपा का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संपूर्ण भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। भाजपा कटनी की जिला उपाध्यक्ष शांति यादव ने इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हेमंत खंडेलवाल का प्रदेश अध्यक्ष बनना उन तमाम जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और आशा का स्रोत है जो वर्षों से पार्टी की रीढ़ की तरह कार्य करते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को न केवल उचित सम्मान मिलेगा, बल्कि सक्रियता और संगठनात्मक योगदान को प्राथमिकता भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्री खंडेलवाल का कार्यशैली ऐसी रही है जिसमें संगठन की मजबूती, अनुशासन और पारदर्शिता सर्वोपरि रहती है। उनके आने से यह विश्वास गहराया है कि आने वाले समय में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता, चाहे वह किसी भी स्तर पर हो, उसकी मेहनत और समर्पण को पहचाना जाएगा। आगामी चुनावों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अब प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया और भी अधिक पारदर्शी होगी तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को वरीयता दी जाएगी। संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने वाले कार्यकर्ताओं को, उनके कार्य के आधार पर ही आगामी चुनावों में मौका मिलेगा। जिला उपाध्यक्ष शांति यादव ने अंत में कहा कि हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में और अधिक मज़बूत होगी और आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनावों में पार्टी ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। हम सभी कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार हैं।

वीर शासन जयंती संपन्न

बाकल, देशबन्धु। जिन शासन नायक भगवान महावीर वर्तमान चौवीसी के अंतिम तीर्थंकर हैं। शुक्रवार को वीर शासन जयंती पर श्री ज्ञान चेतना मंडल स्वाध्याय भवन में जयंती भक्ति भाव के साथ मनाई गई। भगवान महावीर को ज्ञान प्राप्त किया। भगवान महावीर को ज्ञान प्राप्ति के बाद भी 66 दिनों तक दिव्य ध्वनि नहीं खिरी यह चिंता का विषय था। आज के दिन गौतम गणधर का संयोग प्राप्त हुआ और भगवान की दिव्य देशना का उद्घोष प्रारंभ हो गया। यह देशना कालांतर में सभी जीवो के लिए आत्म कल्याण और शुभ क्रियाओं के निमित्त भूत परंपरा से भी मोक्ष प्राप्ति का कारण बनी। आज के ही दिन से आत्म कल्याण के मार्ग की अमृत सुधा का रसपान श्रावकों के मध्य हुआ। उकताशय के उद्गार श्री ज्ञान चेतना मंडल में उपस्थित जनों द्वारा व्यक्त किए गए जिसमें प्रमुख रूप से रमेश जैन, प्रदीप मोदी, डॉ. सुबोध मोदी, सुरेंद्र सिंघई, पुष्प कुमार जैन, राजेश जैन, सौरभ जैन आदि ने व्यक्त किये। कार्यक्रम में श्रीमति श्रीमती नीलू जैन कांति जैन, प्रतिज्ञा जैन, मयूरी जैन, रेशु जैन, अंजना जैन, संगीता जैन, नियुसी जैन आदि की उपस्थिति रही।

400 आवारा और घुमंतु गौवंश को रखने हेतु तैयार की जाएगी गौशाला

उमरियापान, देशबन्धु। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शुक्रवार की शाम स्लीमनाबाद-उमरियापान-ढीमरखेड़ा मार्ग में घुमंतु गौवंशों को उमरियापान से ढीमरखेड़ा रोड पर स्थित खिरवापोंडी गांव की गौशाला में गौवंश रखने की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने खिरवा पोंडी की गौशाला को संचालित कर रहे महर्षि महेश योगी विद्यापीठ करौंदी के पदाधिकारी से चर्चा किया और इस गौशाला का जीर्णोद्धार, मरम्मत और सुधार कर व्यवस्थित और नया स्वरूप देकर यहां गौवंश के लिए सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिये। ताकि इस गौशाला में नेशनल हाइवे और ढीमरखेड़ा-स्लीमनाबाद सड़क में विचरण करने वाले आवारा गौवंश को खिरवा पोंडी गौशाला में रखा जा सके। इस गौशाला में करीब 400 गौवंशों को रखे जाने की व्यवस्था होगी। कलेक्टर ने इन गौवंशों के भूसा-चारा और पानी का प्रबंध सुनिश्चित करने जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने खिरवापोंडी की गौशाला का किया औचक निरीक्षण

आवश्यकता के अनुरूप भविष्य में इसी गौशाला से लगे हुये क्षेत्र में गौ-आश्रय स्थल और विस्तार के संबंध में भी कलेक्टर ने एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देशित किया। इस मौके पर ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि सिंह गोहल, तहसीलदार आशीष अग्रवाल, जनपद सीईओ यजुवेन्द्र कोरी, पशु चिकित्सक डॉ. सोनी, आरईएस सहायक यंत्री श्री केशरवानी आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत हुए 1 लाख 30 हजार रुपए

कटनी, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 3 गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के उपचार के लिए 1 लाख 30 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। इनमें पीडब्ल्यूडी कॉलोनी माधव नगर कटनी निवासी रामप्रसाद पाण्डेय पिता काशीप्रसाद पाण्डेय की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 65 हजार रूपये की राशि एवं ग्राम गोपालपुर निवासी रामप्रकाश तिवारी पिता बाबोली राम तिवारी की बीमारी के उपचार हेतु 45 हजार रूपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बहोरीबंद निवासी राजा भैया परौहा की बीमारी के उपचार हेतु 20 हजार रुपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासों का गृह प्रवेश एवं स्वीकृति पत्र का किया वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा-प्रसारण नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में आयोजित

कटनी, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को इन्दौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अन्तर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अन्तर्गत नवीन आवासों के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम कटनी के मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक की गरिमामई उपस्थिति तथा हितग्राही एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में वर्चुअली कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री सुभाष साहू शिब्बू, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव सहित उपायुक्त शैलेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, अनिल जायसवाल सहायक यंत्री एवं नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना, आदेश जैन, अश्विनी पाण्डेय,जे.पी सिंह बघेल, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा की उपस्थिति रही।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निरंतर गरीबों के कल्याण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित जनहितकारी योजनाओं से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। उन्होंने लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए उनके स्वयं की पक्की छत का सपना साकार होने की बधाई दी तथा सभी को मिलकर एक अच्छी कॉलोनी विकसित करने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने का आग्रह किया गया। नगर पालिक निगम कटनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के द्वितीय चरण के 209 हितग्राहियों के खाते में 2.50-2.50 लाख रूपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के पूर्ण आवासों के 208 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।